KNOWLEDGE SAGAR

# 1 अप्रैल, 2020 न्यूज़ कैप्सूल

(1 April, 2020 News Capsule) हिंदी करेंट अफेयर्स

**Knowledgesagar.com**

**01-Apr-20**

www.knowledgesagar.com

# 1 अप्रैल को ओडिशा दिवस मनाया गया

1 अप्रैल, 2020 को ओडिशा (पूर्व में उड़ीसा) स्थापना दिवस मनाया गया। उड़ीसा देश का पहली भाषाई प्रांत था। मुख्यत: भगवान जगन्नाथ की भूमि के लिए प्रसिद्ध प्रदेश ओडिशा के कलिंग, उत्कल और उद्र जैसे कई प्राचीन नाम हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् ओडिशा तथा इसके आसपास की रियासतों ने भारत सरकार को अपनी सत्ता सौंप दी थी। स्वतंत्रता के बाद इस प्रदेश का क्षेत्रफल लगभग दोगुना हो गया और इसकी जनसँख्या में एक तिहाई की वृद्धि हुई।

ग़ौरतलब है कि 1 अप्रैल, 1936 को ओडिशा एक स्वतंत्र प्रांत बना था। रियासतों (गवर्नर के अधीन प्रांतों) के विलय संबंधी आदेश 1949 के अंतर्गत जनवरी 1949 में ओडिशा की सभी रियासतों का ओडिशा राज्य में पूर्ण रूप से विलय हो गया।

www.knowledgesagar.com

# करा‍धान और अन्य कानून (विभिन्न प्रावधानों में राहत)

## [Taxation and Other Laws (Relaxation of Certain Provisions

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने हाल ही में 'कराधान और अन्य कानून (विभिन्न प्रावधानों में राहत) अध्यादेश, 2020' प्रख्यापित किया। इस अध्यादेश के ज़रिये कई मामलों में समय सीमा बढ़ाने के साथ ही कुछ महत्त्वपूर्ण राहत उपाय भी शामिल हैं, जैसे:

I. आधार कार्ड और पैन कार्ड (PAN Card) को आपस में जोड़ने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 जून, 2020 कर दी गई

II. आयकर फाइल करने, राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र, सार्वजनिक भविष्य निधि जैसे आयकर लाभ का दावा करने वाले उपकरणों में निवेश आदि करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी

III. आयकर अधिनियम के प्रावधानों में संशोधन किया गया है, जिससे PM-CARES Fund हेतु भी वही कर राहत मिल सके जो 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष' हेतु उपलब्ध है। इससे सकल आय के 10% की कटौती की सीमा भी पीएम केयर्स फंड में किये गए दान पर लागू नहीं होगी।

www.knowledgesagar.com

IV. अध्यादेश के तहत उन नियमों अथवा अधिसूचना में निहित समय सीमा बढ़ाने का भी प्रावधान किया गया है जो इन अधिनियमों के तहत निर्दिष्ट/जारी की जाती हैं।

विदित हो कि यह अध्यादेश COVID-19 महामारी के मद्देनज़र 24 मार्च, 2020 को घोषित विभिन्न कर अनुपालन संबंधी उपायों को प्रभावी बनाता है।

KNOWLEDGE SAGAR

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा अफगानिस्तान में संघर्ष विराम की अपील

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद ने अफगानिस्तान के राजनीतिक दलों से कोरोना वायरस महामारी से निपटने और पूरे देश में मानवीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल संघर्ष विराम की अपील की। परिषद ने अफगानिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व से अपने मतभेदों को दूर करने और देश के हित को सामने रखने का आह्वान किया।

इस सन्दर्भ में परिषद ने प्रेस को एक बयान जारी किया जिसमें कहा गया कि इस समय कोरोना वायरस सभी के लिए खतरा बना हुआ है और इससे अफगानिस्तान के लोगों के स्वास्थ्य को भी खतरा है। विदित हो कि संयुक्त

www.knowledgesagar.com

राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने 23 मार्च, 2020 को तत्काल वैश्विक संघर्ष विराम का आह्वान किया था।

## Bareilly में मज़दूरों पर Sodium Hypochlorite का छिड़काव

COVID19: हाल ही में उत्तर प्रदेश (Uttar Pradesh) के बरेली (Bareilly) शहर में प्रवेश करने पर प्रवासी मज़दूरों के ऊपर रसायन (disinfectant) का छिड़काव करने का मामला चर्चा में रहा।

दरअसल, Corona Virus के कारण देशभर में चल रहे Lockdown की वजह से मुश्किलों का सामना कर रहे देश के विभिन्न शहरों से अपने घरों को लौटने वाले प्रवासी मज़दूरों के ऊपर उत्तर प्रदेश के बरेली में प्रवेश करने से पहले रसायन का छिड़काव किया गया। शहर के COVID-19 के प्रभारी नोडल अधिकारी के मुताबिक़, प्रवासी मज़दूरों पर केवल क्लोरीन और पानी के मिश्रण का छिड़काव किया गया था।

सोडियम हाइपोक्लोराइट संक्षारक होता है और इसका उपयोग एक bleaching agent या disinfectant के रूप में तथा कठोर सतहों (जैसे स्विमिंग पूल आदि) को साफ करने के लिये भी किया जाता है।

www.knowledgesagar.com

सोडियम हाइपोक्लोराइट में क्लोरीन की अत्यधिक मात्रा होने के कारण यह मनुष्यों के लिये ख़तरनाक है। इसका 0.05 फ़ीसदी घोल भी आँखों के लिये बेहद घातक हो सकता है। इससे शरीर पर खुजली या जलन पैदा हो सकती है और शरीर के भीतर प्रवेश करने पर यह फेफड़ों को गंभीर नुकसान पहुँचा सकता है।

KNOWLEDGE SAGAR

# कोरोना संक्रमण से मार्सेली फुटबॉल क्लब के पूर्व अध्यक्ष मबाबा डियोफ का निधन

1 अप्रैल, 2020 को मार्सेली फुटबॉल क्लब के पूर्व अध्यक्ष और सेनेगल के फुटबॉल एजेंट मबाबा 'पापे' डियोफ (Mababa "Pape" Diouf) का कोरोना वायरस संक्रमण से निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। चाड में जन्मे डियोफ के पास फ्रांस और सेनेगल की नागरिकता थी। उन्होंने 2005 से 2009 तक क्लब की मज़बूत टीम तैयार करने में अहम भूमिका निभायी थी जिसके चलते टीम ने 2010 में लीग वन खिताब जीता था।

www.knowledgesagar.com

# ‘Stranded in India’ पोर्टल की शुरुआत

Coronavirus के कारण भारत के विभिन्न हिस्सों में फंसे विदेशी पर्यटकों की सहायता के लिए पर्यटन मंत्रालय ने 31 मार्च, 2020 को ‘स्ट्रैंडेड इन इंडिया’ (Stranded in India webportal) नामक एक पोर्टल की शुरुआत की है। इस पोर्टल का उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में फंसे विदेशी पर्यटकों के लिए एक सहायता नेटवर्क बनाना है। इस पोर्टल पर भारत में फंसे इन पर्यटकों के लिए विभिन्न सेवाओं से जुड़ी जानकारियां दी गई हैं, जिससे इन विदेशी पर्यटकों को लाभ मिल सकेगा।

strandedinindia.com नामक इस पोर्टल पर कोविड-19 हेल्पलाइन नंबर संबंधी समग्र जानकारी उपलब्ध होगी। विदेशी पर्यटक मदद के लिए इसका प्रयोग कर सकेंगे। इस पोर्टल पर Incredible India Website के माध्यम से भी पहुंचा जा सकता है।

www.knowledgesagar.com

# साइंटेक एयरआन (Scitech Airon) तकनीक

कोरोना वायरस के क़हर को देखते हुए पुणे (महाराष्ट्र) में स्थित स्टार्ट-अप ने महाराष्ट्र के अस्पतालों को कीटाणुरहित करने के उद्देश्य से हाल ही में साइंटेक एयरऑन (Scitech Airon) नामक तकनीक का विकास किया है। यह एक निगेटिव आयन जेनरेटर (Negative Ion Generator) है। जिसके एक घंटे का परिचालन कमरे के 99.7% वायरसों को खत्म कर सकने के साथ-साथ यह कोविड-19 पॉज़िटिव मामलों और संदिग्धों के कारण जो स्थान संक्रमित हो गए हैं उन्हें कीटाणुरहित और वायु को प्रदूषण रहित कर सकने में भी सक्षम है। यह मशीन प्रति 8 सेकेंड में लगभग 100 मिलियन ऋण आवेशित आयन पैदा करने के अलावा कार्बन मोनोक्साइड (कार्बन डाइकॉक्साइड से 1000 गुना अधिक हानिकारक), नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों जैसे गैस प्रदूषकों को भी विघटित कर सकती है।

ग़ौरतलब है कि इस तकनीक को भारत सरकार के द्वारा शुरू किये गए निधि (NIDHI) एवं प्रयास (PRAYAS) कार्यक्रम के तहत विकसित किया गया है।

www.knowledgesagar.com

# NASA के नए SunRISE Mission की घोषणा

अमेरिका के राष्ट्रीय वैमानिकी और अंतरिक्ष प्रशासन (National Aeronautics and Space Administration- NASA) ने 30 मार्च, 2020 को एक नए मिशन 'सनराइज़' (Sun Radio Interferometer Space Experiment – SunRISE) की घोषणा की है। इस मिशन के लिये नासा ने 62.6 मिलियन डॉलर के बजट की घोषणा की है। 'सनराइज़' मिशन का उद्देश्य सूर्य की उत्पत्ति तथा सूर्य पर होने वाले विशाल मौसमी अंतरिक्ष तूफान, जिन्हें 'सौर कण तूफान' कहा जाता है, के बारे में अध्ययन (NASA Announced New SunRISE Mission to Study Causes of Giant Solar Particle Storms ) करना है।

सनराइज़ में 6 क्यूबसैट (CubeSats) शामिल हैं जो एक बड़े रेडियो टेलीस्कोप के रूप में काम करेंगे। यह मिशन एक पेलोड ऑर्बिटल डिलीवरी सिस्टम (PODS) से जुड़ा होगा और अपने सभी छः क्यूबसैट्स को जियोसिंक्रोनस अर्थ ऑर्बिट (GEO) में तैनात करेगा।

www.knowledgesagar.com

# COVID-19 के लिए ECB द्वारा 6 करोड़ 10 लाख पौंड के वित्तीय पैकेज की घोषणा

कोविड-19 महामारी से पड़ने वाले वित्तीय प्रभाव का सामना करने के लिये इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) ने हाल ही में 6 करोड़ 10 लाख पौंड के वित्तीय पैकेज की घोषणा की। ईसीबी के मुताबिक, यह वित्तीय मदद काउंटी, बोर्ड, क्लब से लेकर खेल के हर स्तर पर उपलब्ध कराई जाएगी। इस सहायता राशि में से 4 करोड़ पौंड की राशि तत्काल उपलब्ध कराई जाएगी जबकि बाकी 2 करोड़ 10 लाख पौंड ब्याज़ मुक्त ऋण के तौर पर दिए जाएंगे।

हालांकि अभी बोर्ड द्वारा खिलाड़ियों के वेतन में कटौती करने की कोई घोषणा नहीं की गई है।

www.knowledgesagar.com